>

Title: Need to make a corridor connecting religious places starting from Sitamarhi, Kashi, Prayag upto Sarnath.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति महोदय, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु पर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। मैं कई बार इस बिंदु को उठा चुका हूं। तीर्थराज प्रयाग और काशी के बीच में हमारा क्षेत्र भदोही स्थित है। मैं कई बार मंत्री जी से अपने क्षेत्र को एक कोरिडोर बनाने के लिए, जो वहां से बौद्ध परिपथ से लेकर बनारस विंध्यांचल और लक्षागृह, सारनाथ और इलाहबाद से जोड़ कर कोरिडोर बनाया जाए। लाखों पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं और वहां आने के साथ-साथ कुटीर उद्योग, लघु उद्योग, मध्यम उद्योग का भी विकास हो रहा है। लोगों को रोजगार मिलने के अवसर भी मिल सकते हैं। जहां रोजी-रोजगार की बात आती है, वहीं हमारे जिले ही नहीं, पूरे प्रदेश ही नहीं, देश से आज आरसीएम के काम में लगे हुए लोग 11 वर्षों से चल रही भीलवाड़ा, जहां लाखों लोग रोज़ी-रोजगार में लगे हैं। आज दस हजार से अधिक लोग अनशन पर बैठे हैं। पांच सौ लोग तीन दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। सरकार का ध्यान उधर जाना चाहिए, जहां रोजगार से संबंधित हैं। उपभोक्ताओं से संबंधित, दैनिक जीवन से संबंधित, दैनिक जीवन के उपयोग में आने वाली वस्तुओं से संबंधित लगे हुए लोगों को आमरण अनशन पर बैठना पड़ रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि उस रोजी रोजगार में लगे लोगों को संज्ञान मे लें । साथ-साथ पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा दिया जाए, ताकि इस कोरिडोर के माध्यम से ...(व्यवधान) हजारों की संख्या में लोग हैं। पांच सौ लोग आमरण अनशन पर बैठे हैं। वहां केवल हमारे प्रदेश के लोग ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लोग हैं। मैं गुजारिश करता हूं कि सरकार भदोही सीता समाहित स्थल को पर्यटक स्थल घोषित करते हुए कोरिडोर बनाकर इससे रोजगार में लगे लोगों के हित में सरकार का ध्यान जाए और इससे बेरोजगारी से मुक्ति मिले।

MR. CHAIRMAN :

Shrimati Rama Devi,

Shri Jagdish Sharma,

Shri Rajendra Agarwal,

Shri Kaushalendra Kumar and

Shri Nikhil Kumar Choudhary are allowed to associate with the matter raised by Shri Gorakhnath Pandey.